षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक- 25 नवम्बर, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वा० तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी बातों को अपने अपने स्थान पर जा कर कहें साथ ही विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि यदि आप यह मामला कार्यस्थगन के समय पर उठाएंगें तो मैं सरकार को वक्तव्य देने को कहूँगा ।

माननीय नेता विरोधी दल द्वारा भी माननीय सदस्यों की भावनाओं से सदन को अवगत कराया गया तथा विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों पर सरकार से वक्तव्य की मांग की गयी ।

आसन द्वारा कहा गया कि यदि किसी माननीय सदस्य को चोट आई है तो इसकी गंभीरता को समझते हुए ही मैंने इसे समय पर उठाने का अनुरोध किया है । समय पर नहीं उठाने से तो आसन भी मजबूर है । आसन भी नियम से चलता है । साथ ही प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया गया ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कहा गया कि विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने स्थान पर जाकर प्रश्न पूछे तो सरकार इसका उत्तर देगी ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02.17 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[1] **वित्तीय कार्य** :-

वित्तीय वर्ष 1982-83 एवं 2004-05 के अधिकाई व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों के मांगों पर मतदान :-

माननीय मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा बारी-बारी से अधिकाई व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग को सदन में प्रस्तुत किया गया, जो क्रमशः सदन से स्वीकृत हुआ ।

[2] **विधायी कार्य** :-

राजकीय (वित्तीय) विधेयक

''बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1982-83 एवं 2004-05) (संख्या-2) विधेयक, 2019''

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमती से विधेयक सदन में पुरः स्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधयेक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । विधेयक सदन से स्वीकृत हुआ ।

[3] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-26 नवम्बर, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-25.11.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।